<u>प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 119/2019)</u>

<u>तुरंत जारी करने के लिए</u>

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

''क्लाउड सेवाओं'' से संबंधित परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्राप्त करने की समय–सीमा को बढ़ाना

नई दिल्ली, 20 नवंबर, 2019 – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने ''क्लाउड सेवाओं'' पर हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित की थी। हितधारकों से लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर, 2019 और प्रति–टिप्पणियों के लिए 4 दिसंबर, 2019 निर्धारित की गई थी।

2. हितधारकों के अनुरोध पर ''क्लाउड सेवाओं'' पर टिप्पणियां और प्रति–टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर क्रमशः 4 दिसंबर, 2019 औ 18 दिसंबर, 2019 किया गया है। इसके बाद, टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समय–सीमा को और बढ़ाए जाने के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में ईमेलः– advqotrai.gov.in पर भेजें। किसी भी स्पष्टीकरण या सूचना के मामले में, श्री असित कादयान, सलाहकार (क्यूओएस), भादूविप्रा से टेलीफ़ोन नंबरः +91–11–23230404, फैक्स नंबर +91-11-23213036 पर संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. गुप्ता)
सचिव, भादूविप्रा

.

<u>अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।</u>